# THE GIRL PATH™

## एम्पावर (EMpower) प्रोग्राम का एक उपकरण: हर कदम पर लड़कियों को शामिल करता हुआ



EMpower

# The Girl Path™

The Girl Path tool उपकरण विश्व के पांच क्षेत्रों में EMpower (एम्पावर) और हमारे अनुदान सहयोगियों द्वारा, तरह तरह से इस्तेमाल के लिए विकसित किया गया है।

अधिक जानकारी के लिए, या इस डॉक्यूमेंट में प्रस्तुत चित्रों को डाउनलोड करने के लिए, कृपया www.empowerweb.org पर जाएं।

रचना: सिंथिया स्टील (Cynthia Steele) और एंड्रिया लिंच (Andrea Lynch),
एम्पावर(EMpower) - द इमर्जिंग मार्केट्स फाउंडेशन

चित्रण और डिज़ाइन - लीडिया होल्डन (Lydia Holden), कहानी कम्युनिकेशन्स (Kahani Communications)

# विषय - सूची (क्रम)


| | |
|---|---|
| निर्देश | p.४ |
| लैटिन अमेरिका | p.६ |
| अफ्रीका | p.११ |
| यूरोप | p.१६ |
| इंडिया | p.२१ |
| दक्षिण - पूर्व एशिया | p.२६ |

# The Girl Path सहायक उपकरण को इस्तेमाल करने के निर्देश

## What is **The Girl Path**?

**गर्ल पाथ उन बाधाओं को पहचानने में मदद करता है, जो लड़कियों को  पूरी तरह से भाग लेने से रोकती हैं, तब, जब वो प्रोग्राम में भाग लेना चाहती हैं। गर्ल पाथ उपकरण उन अड़चनों से कैसे जूझा जाए ( उन्हें कैसे कम किया जाए या हटाया जाए), इन बातों को संबोधित करता है।**

**'द गर्ल पाथ' चार ऐसे रुकावट भरे दायरे सामने रखता है जिन की वजह से लड़कियों को पूरी तरह से कार्यक्रमों में हिस्सा लेने से संकोच हो सकता है।**

| | |
|---|---|
| **उसकी अपनी सोच** | गर्ल पाथ  उन बाधाओं को पहचानने में मदद करता है, जो लड़कियों को  पूरी तरह से भाग लेने से रोकती हैं, तब, जब वो प्रोग्राम में भाग लेना चाहती हैं। गर्ल पाथ उपकरण उन अड़चनों से कैसे जूझा जाए ( उन्हें कैसे कम किया जाए या हटाया जाए), इन बातों को संबोधित करता है। 'द गर्ल पाथ' चार ऐसे रुकावट भरे दायरे सामने रखता है जिन की वजह से लड़कियों को पूरी तरह से कार्यक्रमों में हिस्सा लेने से संकोच हो सकता है। |
| **उसका अपना घर** | वो क्या आत्म-संदेह, भय या धारणाएँ हैं जो उसे भाग लेने से रोक लेती हैं? उसके मन के अंदर की वो कौन सी आवाज़ें हैं, जो उसे रोकती हैं या जिनसे वो झिझक जाती है? |
| **उसका अपना समुदाय** | कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उसे किसकी अनुमति लेनी पड़ती है? उसके पास घर की क्या क्या जिम्मेदारियाँ हैं जिन्हे सँभालते हुए ही वह भाग ले सकती है? क्या उसके (पहली बार) हिस्सा लेने के लिए उसके माता-पिता, भाई, याँ परिवार के कोई अन्य सदस्य से बातचीत करने की आवश्यकता है, ताकि वह बेहिचक आती रहे? |
| **कार्यक्रम:** | क्या कार्यक्रम का टाइम-टेबल और जिस जगह वो आयोजित होता है, उसे भाग लेने में मदद करते हैं, या बाधा बनते हैं? क्या उसको लगता है कि वहां पर उसका स्वागत है? क्या उसको लगता है कि ये कार्यक्रम उसकी ज़रूरतों को ध्यान में रखते  हुए बनाया गया है: क्या उसका इस कार्यक्रम में भाग लेना, उसके समय और प्रयास के लिये उसको मूल्यवान लगता है? क्या प्रशिक्षक और कर्मचारी सबको शामिल करते हैं, सबको सहारा देते हैं? |
| ***कार्यक्रम के बाद** | इस पांचवे दायरे के बारे में जानना वैकल्पिक है: कार्यक्रम छोड़ने के बाद,उसने जो कुछ का सीखा, उसे अपने जीवन में ज़्यादा से ज़्यादा इस्तिमाल करने के लिए, उसे किस तरह की मदद चाहिए? इसके अंतर्गत, संपर्क बनाये रखने के तरीकों, तरक़्क़ी पर नज़र रखने के तरीकों या फिर कोई जरूरत पड़ने पर, सहायता दे पाने के तरीकों पर सोचा जा सकता है। |

## How to Use **The Girl Path:**

**उपकरण को कई तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है, साधारण तौर पर यूं:**

**1** इस डॉक्यूमेंट/पुस्तिका में बनाये चित्रों का इस्तेमाल कीजिये या फिर www.empowerweb.org पर जाईये। जिन चार/पांच दायरों का ज़िक्र है -उसके मन, घर, समाज या फिर कार्यक्रम के दायरे - उनको दर्शाते हुए चित्र बनाये गए हैं, जो आप वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं । उनका प्रिंटआउट ले कर एक दिवार पर टेप से चिपका दें। हर चित्र के आस पास थोड़ी जगह ज़रूर छोड़ें।

**2** कागज़ के छोटे टुकड़े लें या स्टिकी नोट्स बनाएं। अब जो चार दायरे बताएं गए हैं, हर एक दायरे में आपके प्रोग्राम की लड़कियों के सामने क्या क्या बाधाएं आ सकती हैं, या आपकी जानकारी में आती ही हैं, सोच कर उन कागज़ के टुकड़ों या स्टिकी नोट्स पर लिखें।

**3** इन चारों दायरों में, जो सबसे जरूरी मुद्दा या परेशानी है, उसका क्या प्रैक्टिकल समाधान हो सकता है, उसको समझें। हो सकता है कि आपके प्रोग्राम ने इन समाधानों का शायद पहले भी प्रयोग / इस्तेमाल किया हो। इन समाधानों में और सुधार लाने की, या इनको बार बार इस्तेमाल करने की जरूरत हो सकती है। 'द गर्ल पाथ' के साथ काम करते हुए प्रयोग में लाने लायक नए समाधान भी उभर के सामने आ सकते हैं।

### The Girl Path उपकरण को हर एक की जरूरत और भाग लेनेवालों के हिसाब से, अलग अलग तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है:

- अलग अलग संगठनों के बीच एक वर्कशॉप कराने से कई मुद्दों और परेशानियों के अलग अलग समाधान आपस में समझे और बांटे जा सकते हैं ।

- लड़कियां का एक ग्रुप और प्रोग्राम कर्मचारी का दूसरा ग्रुप बनाइये । उनसे गर्ल पाथ उपकरण की क्रियाएं अलग अलग कराइये और फिर उन्हें साझा कीजिए । इससे दोनों ग्रुप एक दूसरे के नज़रिये को और समझ पाएंगे । वो ये भी समझेंगें कि किस समस्या के लिए कौन सा समाधान (तरीका) अपनाया जाये और किस प्रॉब्लम पर सबसे पहले काम किया जाए (जैसे कि अगर कोई ऐसा मुद्दा है, जिसका लडकियां ज़िक्र ही नहीं करतीं, तो हो सकता है उसपर उस समय ध्यान देने की ज़रुरत ही ना हो) । ये क्रिया विभिन्न संगठनों के कर्मचारियों, जो 'द गर्ल पाथ' से जुड़े हैं, को साथ लेकर एक वर्कशॉप में कराई जा सकती हैं । लड़कियों से यही क्रिया एक अन्य वर्कशॉप में कराई जा सकती है । फिर दोनों ग्रुप को साथ साथ लाया जा सकता है, ताकि वो अपने विचारों की तुलना कर पाएं ।


- लड़कों और लड़कियों के एक साथ किये जाने वाले कार्यक्रम (यानी ' को-एड प्रोग्राम'/ co-ed program) में भी 'द गर्ल पाथ' का इस्तेमाल किया जा सकता है । इससे लड़के और लड़कियों, दोनों के तजुर्बों की समानताएं या भिन्नताएं खुल कर सामने आएंगी और समाज में लिंग भेद पर बातचीत हो पाएगी जो सबके लिए फायदेमंद रहेगी । इसका तरीका यूं रहेगा: लडकियां अपने आड़े आती बाधाओं पर ध्यान देंगी, और लड़के, अपने ।( लड़कों के लिए नए चित्र बनाने पड़ेंगें) । इस तरह हर ग्रुप अपना रास्ता/पथ/path दर्शायेगा और फिर आप सबको साथ ले आइये, ताकि वो अपनी बात साझा कर सकें ।

- 'द गर्ल पाथ' मूल्यांकन के उपकरण के रूप में भी काम आ सकता है ,यह अनुमान लगाने को कि बाधाएं दूर हुई या नहीं, या कि समाधानों को लागू करने के बाद क्या कार्यक्रमों में और लोग शामिल हुए हैं कि नहीं ? उदाहरण के लिए, यह देखा जा सकता है कि क्या और (ज्यादा) लोग भाग लेने लगे हैं? या फिर पहले से कम लोग प्रोग्राम छोड़ रहे हैं कि नहीं? या फिर प्रोग्राम पूरा होने की दर बढ़ी है कि नहीं? ऐसा करने के लिए, समय समय पर गर्ल पाथ उपकरण को लागू करें जिससे आप प्रोग्राम में प्रगति को ट्रैक कर सकें ।

# The Girl Path: लैटिन अमरीका




## उसकी अपनी सोच:



# उसका अपना घर



# उसका अपना समुदाय



# कार्यक्रम



# The Girl Path: अफ्रीका




# उसकी अपनी सोच



# उसका अपना घर



# उसका अपना समुदाय



# कार्यक्रम



# The Girl Path: यूरोप










# उसकी अपनी सोच



# उसका अपना घर



# उसका अपना समुदाय



# कार्यक्रम



# The Girl Path: भारत



# उसकी अपनी सोच



# उसका अपना घर




# उसका अपना समुदाय



# कार्यक्रम




# The Girl Path: दक्षिण पूर्वीय एशिया







# उसकी अपनी सोच



# उसका अपना घर



# उसका अपना समुदाय



# कार्यक्रम

